पंजाब केसरी 12/02/2026

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने चलाया डिजिटल साक्षरता अभियान

अम्बाला, 11 फरवरी (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज के टैक्नो क्लब एवं इलैक्टोरल लिटरेसी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों ने गांव खुड्डा कलां में डिजिटल साक्षरता अभियान लगाया गया। इस कार्यक्रम में टैक्नो क्लब की संयोजिका उपिंदर कौर तथा लिटरेसी क्लब की संयोजिका डॉ. सरोज ने गांव एवं वहां के लोगों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

दोनों क्लबों के सदस्यों तथा विद्यार्थियों को उनके-अपने समूहों के अनुसार निर्धारित क्षेत्र में प्रत्येक घर तक पहुंचने और लोगों को वर्तमान समय में देश की विभिन्न आवश्यकताओं जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, आयकर भुगतान, साइबर सुरक्षा, पैन कार्ड एवं भारत गैस आदि के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नकद रहित लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षित डिजिटल भुगतान माध्यमों का प्रदर्शन भी किया गया।